सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार

प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-371
21/08/2018

मुख्यमंत्री ने ईद–उल–अजहा (बकरीद) की बधाई एवं शुभकामनायें दीं

पटना, 21 अगस्त 2018 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने ईद–उल–अजहा (बकरीद) के अवसर पर प्रदेश एवं देशवासियों को बधाई एवं शुभकामनायें दी है। उन्होंने कहा कि ईद–उल–अजहा का त्योहार असीम आस्था का त्योहार है। खुदा के हुक्म पर बड़ी से बड़ी कुर्बानी दिये जाने के लिये तैयार रहना इस त्योहार का आदर्श है। यह त्योहार कुर्बानी के महत्व को दर्शाता है।

मुख्यमंत्री ने इस त्योहार को मेल–जोल, आपसी भाईचारा एवं सद्भाव के साथ मनाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि त्योहारों का आनंद आपसी भाईचारा एवं मेल–जोल के साथ मिलकर मनाने से बढ़ता है और त्योहार का सच्चा आनंद मिलता है।

******